PRE-MODEL EXAM

Std : X

HINDI

Time : 1½ hrs.
Score : 40

I. सूचना : कविता पढें ओर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मिट्टी का गहरा अंधकार
डूबा है उसमें एक बीज
वह रवो न गया मिट्टी न बना
कोदों, सरसों से क्षुद्र बीज।
अंधकार में छिपे हुए
हैं डाल पात और स्कंध मूल
गहरी हरीतिमा की संसृति
वह रूप-रंग, फल ओर फूल

-सुमिलानंदन पंत

(सरसों -കടുക്, क्षुग्र -വളരെ ചെറിയ, डाल-पात -ശിഖരങ്ങളും ഇലകളും स्कंध मूल -തായ്ത്തടി)

1. इस कवितांश केलिप एक उचित शीर्षक दें । (1)
2. इस आशय की सूचना देनें वाली पंक्तियाँ चुन कर लिखें । (2)
   'पेड पौधों की डालियाँ व पत्ते, तने, ज़ड ओर
   हरा-भरा एक संसार अंधकार में छिवे हुए है ।
3. इस कवितांश का आशय लिखें । (3)

II. सूचना : निम्नलिखित अंश पेंढ और 4 से 6 तक के प्रशनों के उत्तर लिखें

शादि के कार्ड छपके आए । गुठली बडी उत्सूक थी। जैसे तैसे पूजा पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गठली का मुँह उतर गया । वह ताऊजी के पास जाकर बोली-"देखिए भैया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं रे... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी, उसमें भइया के छोरे से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा....।" "तो क्या हुआ ? तेरा नाम तेरे अपने कार्ड में छपेगा यहाँ नहीं............. अब चल भाग यहाँ से।"

4. गुठली का मुँह क्यों उतर गया ? (2)
5. "भुला नहीं रे..... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" -
   ये वाक्य किसकी ओर इशारा करते हैं और इसपर आपकी राय क्या है ? (2)
6. गुठली अपने मन की बाते सहेली की बताना चाहती है, लिखें सहेली के नाम गुठली का पत्र (4)

सूचना : कवितांश पढकर 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं रथ का टुटा हुआ पहिया हुँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामुहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले ।

7. यहाँ टुटा पहिया किसका प्रतीक है? (1)

8. इन पंक्तियों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें । (4)

सूचना : निम्नलिखित अंश पढें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

गाते-गाते अचानक माँ की आवाज़ फटकर फूसफुसाहट में तब्दिल हो गई । लोगों का लगा कि माइक में कुछ खराबी आ गई है, पर फूसफुसाहट ज़ारी थी। लोग चिल्लाने लगे। कहीं से कुछ लोग म्याऊँ-म्याऊँ की आवाज़ निकलाने लगे । इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया ।

9. "अभद्र" का मतलब क्या है ? (1)

10. "लोग म्याऊँ-म्याऊँ की आवाज़ निकालने लगे " 'लोग' शब्द के स्थान पर "स्त्रीयाँ" का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)

11. उपयुक्त प्रसंग पर चार्ली चैप्लिन की माँ की डायरी कलपना करके लिखें । (4)

सूचना : निम्नलिखित अँश पढें और 12 से 14 तक प्रश्नों के उत्तर लिखों ।

मैं ने रेलवे अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूरा मामला समझाया ।
हमारा सौभाग्य था कि के मान गए । एक पूरी रेलगाड़ी हमें दे दी गयी जिसमें थर्ड क्लास के अलावा गाडी का डिब्बा, कोयले ले जाने केलिए एक डिब्बा और इंजन भी था । तब हुआ कि इसकेलिए कोयले का खर्च हमें देना होगा। सच कहूँ तो अभिशाप हमारेलिए वरदान हो गया।

12. "अभिशाप हमारेलिए वरदान हो गया" सत्यजित राय ने क्यों इसप्रकार सोचा ? (2)

13. पूरा मामला समझाया - मामला क्या था ? (1)

14. सत्यजीत राय और रेलवे अधिकारी के बीच का प्रसंगानुकूल वार्तालाप लिखें । (4)

सुचना : कवितांश पढें और प्रश्न 15 और 16 उत्तर लिखों

कई दिनों तक चूलहा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनकेपास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

15. कविता के आधार पर सही प्रस्ताव चूनें । (1)

- ★ पंक्तियों में कवि ने आकल के बाद का विवरण दिया है ।
- ★ पंक्तियों में केवल मनुष्य का विवरण दिया है ।
- ★ पंक्तियों में अकाल का मार्मिक विवरण दिया है ।

16. कवि ने आकला का वर्णन किस प्रकार किया है ? (2)
यहाँ मानव ओर जीव जंतुओं की किस समान भावना को सूचित किया है ?

17 अपने बचपन से वंचित कई बच्चों हैं । (3)
उनकी मदद करना हमारी भी जिम्मेदारी है। बाल श्रम के विरूद्ध एक पोस्टर तैयार करें ।

jiniantonyv@gmail.com 9946899557